रामकोला में कृषि महाविद्यालय निर्माण को मिली हरी झंडी, 37.5 एकड़ भूमि का हुआ स्थल निरीक्षण

तरैया। अंचल के रामकोला गांव में 37.5 एकड़ भूमि पर प्रस्तावित कृषि महाविद्यालय के निर्माण की दिशा में एक बड़ी सफलता मिली है। बुधवार को एक उच्च स्तरीय केंद्रीय टीम ने प्रस्तावित स्थल का जायजा लिया और विस्तृत निरीक्षण किया। स्थल निरीक्षण के दौरान केंद्रीय टीम में डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा के कुलपति डॉ. पुण्यव्रत सुविमलेंदु पांडेय, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय पटना के कुलपति डॉ. इंद्रजीत सिंह तथा अन्य विशेषज्ञ शामिल थे।महराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, मढ़ौरा डीसीएलआर धनंजय त्रिपाठी, तरैया अंचल अधिकारी अजय कुमार,बीडीओ विभु विवेक व अन्य स्थानीय पदाधिकारियों ने केंद्रीय टिम के अधिकारियों को नजरी नक्शा और प्रस्तावित 37.5 एकड़ जमीन से जुड़ी तमाम सीमांकन एवं तकनीकी जानकारियां प्रदान कीं। सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निरंतर प्रयासों से सारण क्षेत्र को यह बड़ी सौगात मिलने जा रही है। साढ़े सैंतीस एकड़ की विशाल भूमि पर केंद्रीय विश्वविद्यालय के अंतर्गत कृषि महाविद्यालय की स्थापना से न केवल कृषि शिक्षा और अनुसंधान को बल मिलेगा, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के व्यापक अवसर भी पैदा होंगे। सांसद की इस महत्वपूर्ण पहल और स्थल निरीक्षण की प्रक्रिया पूरी होने से पूरे तरैया एवं आसपास के इलाकों में खुशी की लहर दौड़ गई है।मौके पर मौजूद जिला परिषद सदस्य हरिशंकर सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता संजय सिंह, शैलेंद्र सिंह, रणविजय सिंह, सुरेंद्र शर्मा,अवनीश सिंह,प्रमोद सिग्रीवाल सहित अन्य लोगों ने सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल के प्रति आभार प्रकट किया व उन्हें बधाई दी है।

मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर अटल घाट की तैयारी तेज



छपरा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के संभावित सारण आगमन एवं अटल घाट के उद्घाटन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। बुधवार को जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव एवं वरीय पुलिस अधीक्षक रोशन कुमार ने अटल घाट और दलन सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने संबंधित विभागों एवं कार्यकारी एजेंसियों को सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने का निर्देश दिया। डीएम ने अटल घाट को धार्मिक एवं आध्यात्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने घाट की सीढ़ियों की मरम्मत, नदी एवं परिसर की सफाई, दीवारों पर रामायण और श्रीकृष्ण प्रसंगों से संबंधित मधुबनी पेंटिंग, आकर्षक लाइटिंग, फ्लावर डेकोरेशन, वर्टिकल गार्डन एवं लैंडस्केपिंग कराने का निर्देश दिया। परिसर में 21 मीटर ऊंचे दो हाईमास्ट लाइट, वॉकिंग ट्रैक, कैफेटेरिया और चिल्ड्रेन पार्क विकसित करने को भी कहा। इसके बाद दलन सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण कर एस्ट्रोनॉमी, आईसीटी एवं बायो लैब तथा लाइब्रेरी की व्यवस्था देखी। स्वतंत्रता सेनानी दलन सिंह की प्रतिमा के आसपास सौंदर्यीकरण और विद्यालय में आधुनिक सुविधाएं बेहतर करने का निर्देश दिया। डीएम ने सभी कार्यों को समय पर पूरा करने के लिए तीनों शिफ्ट में तकनीकी कर्मियों की तैनाती करने को भी कहा।



नगर पंचायत की सामान्य बोर्ड बैठक में विकास योजनाओं पर चर्चा

दीपावली-छठ की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने पर जोर

मशरक (आससे)। मशरक नगर पंचायत कार्यालय परिसर में बुधवार को सामान्य बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर पंचायत के चेयरमैन सोहन महंतों ने की। बैठक में नगर पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने, जनसुविधाओं को बेहतर बनाने और आगामी पर्व-त्योहारों को लेकर विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में दीपावली और छठ पूजा को देखते हुए बाजारों, सार्वजनिक स्थलों और छठ घाटों की साफ-सफाई को लेकर विशेष जोर दिया गया।बैठक के दौरान नगर पंचायत क्षेत्र में चल रही विकास योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्हें निर्धारित समय पर पूरा कराने की आवश्यकता पर चर्चा हुई। नगर क्षेत्र में साफ-सफाई, जलनिकासी, सड़क सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने और आम लोगों को नगर पंचायत की योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर विचार-विमर्श किया गया। जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने और विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने पर विशेष ध्यान दिया गया।वहीं, दीपावली और छठ पूजा को लेकर नगर पंचायत क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाने पर चर्चा हुई। बाजारों में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था बनाए रखने, कचरे का नियमित उठाव कराने और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने पर जोर दिया गया। छठ पूजा के मद्देनजर विभिन्न छठ घाटों की साफ-सफाई, घाटों तक पहुंचने वाले रास्तों की व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर भी चर्चा की गई।बैठक में कहा गया कि पर्व-त्योहार के दौरान नगर पंचायत क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही होती है। ऐसे में बाजारों और छठ घाटों पर स्वच्छता एवं बेहतर व्यवस्था बनाए रखना आवश्यक है। नगर पंचायत प्रशासन की ओर से साफ-सफाई की व्यवस्था को प्राथमिकता देने और लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर चर्चा की गई। बैठक में नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी बब्लू कुमार, उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि अमित सिंह, वार्ड पार्षद राजेश तिवारी, सिकंदर महंतों,अवधेश सिंह,बंटी राय समेत अन्य जनप्रतिनिधि एवं संबंधित लोग मौजूद रहे।

कला और कौशल के प्रदर्शन से युवा बनायें अपनी अलग पहचान : डीएम

छपरा। भिखारी ठाकुर प्रेक्षागृह स्थित आर्ट गैलरी में बुधवार को जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रतिभागियों एवं कलाकारों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी राहुल कुमार ने जिलाधिकारी को पौधा भेंट कर स्वागत किया। इसके बाद राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि युवाओं में प्रतिभा, रचनात्मकता और मेहनत की कोई कमी नहीं है। जरूरत है उन्हें उचित मंच और अवसर उपलब्ध कराने की। जिला स्तरीय युवा उत्सव प्रतिभाशाली युवाओं को अपनी कला एवं कौशल प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि आज जिला स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने वाले युवा आगे राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लें और राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सारण का नाम रोशन करें। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को आत्मविश्वास, उत्साह और समर्पण के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लेने की शुभकामनाएं दीं।

नगर निगम बोर्ड की बैठक में विकास योजनाओं पर लगी मुहर

45 वार्डों में सड़क-नाला निर्माण, जलजमाव से निजात और स्ट्रीट लाइट व्यवस्था होगी दुरुस्त, सभी पार्षदों ने जतायी सहमति



छपरा। छपरा नगर निगम बोर्ड की बैठक बुधवार को महापौर लक्ष्मी नारायण गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में शहर के समग्र विकास एवं नागरिक सुविधाओं के विस्तार से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को सर्वसम्मति से प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। सभी पार्षद विकास के मुद्दे पर एकजुट दिखे। बैठक में मानसून के दौरान जलजमाव वाले क्षेत्रों की समीक्षा करते हुए नालों की सफाई एवं जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त करने पर चर्चा हुई। नगर निगम के सभी 45 वार्डों में सड़क एवं नाला निर्माण की निविदा पूर्व तैयार सूची को भी मंजूरी दी गई। प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत पात्र लाभुकों को आवास उपलब्ध कराने तथा योजना में तेजी लाने पर जोर दिया गया।वहीं, शहर की प्रकाश व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए हाईमास्ट एवं मिनीमास्ट लाइट लगाने की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। खराब स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत कराने का भी निर्णय लिया गया। पूर्व में कार्यरत टैक्स एजेंसी की कार्यप्रणाली की जांच कर अगली बैठक में रिपोर्ट सौंपने के लिए सिटी मैनेजर को सर्वसम्मति से नोडल पदाधिकारी नियुक्त किया गया। महापौर लक्ष्मीनारायण गुप्ता ने कहा कि सभी 45 वार्डों में बिना भेदभाव विकास कार्य कराना प्राथमिकता है। योजनाओं को पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ धरातल पर उतारा जाएगा। बैठक में उप महापौर रागिनी कुमारी सहित कई अधिकारी हुआ वार्ड पार्षद उपस्थित थे।

हत्या मामले में दोषी करार

छपरा। जिला एवं सत्र न्यायाधीश 15 वसीम अकरम खान ने सोनपुर थाना कांड संख्या 351/ 18 के सत्र संख्या 725/18 हत्या मामले में सोनपुर थाना के नजर मीरा निवासी राहुल कुमार को भादवि की धारा 302 के अंतर्गत दोषी करार दिया है एवं सजा की बिंदु पर सुनवाई हेतु 7 नवंबर की तिथि मुकर्रर की है। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक मनबोध प्रसाद सिंह एवं उनके सहायक अधिवक्ता सुशांत शेखर ने न्यायालय में सरकार का पक्ष रखा और गवाहों की गवाही न्यायालय में कराई। कांड के सूचक पटना जिला के मनेर थाना के चकिया टोला खासपुर निवासी मनु कुमार राय ने 23 अप्रैल 2018 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसमें उन्होंने दर्शाया था कि उनकी बेटी नीरज देवी की शादी सूरत राय से सोनपुर थाना के नजर मीरा से हुई थी पारिवारिक कारण से उनके दामाद का भाई राहुल कुमार 22 अप्रैल 2018 को उनके पुत्री के सर पर लोहे के खंती से मार दिया। जिससे वह घायल हो गई।

नक्कालों से सावधान

हमारी जानकारी में यह बात आई है कि कुछ अज्ञात और बेईमान व्यक्ति/फर्म/संस्थाएं नकली MDH मसाले एवं केसर का निर्माण और बिक्री कर रहे हैं, जिससे व्यापार, क्रेताओं और विक्रेताओं में बहुत ही भ्रम व धोखे की स्थिति पैदा हो रही है। इस प्रकार ऐसे बेईमान लोग सार्वजनिक रूप से तो धोखाधड़ी कर ही रहे हैं, साथ ही आम जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ भी कर रहे हैं और हमारी प्रतिष्ठा व साख को हानि पहुंचा रहे हैं।

अतः सार्वजनिक रूप से सूचित किया जाता है कि यदि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस तरह के जाली/नकली/अवैध/घटिया MDH मसाले एवं केसर को बेचते हुए पाया जाता है और यदि ऐसे उत्पादों को एफएसएसएआई (FSSAI), खाद्य सुरक्षा सहित किसी भी अधिनियम के तहत किसी भी वैधानिक प्राधिकरण/विभाग द्वारा जब्त किया जाता है तो ऐसे किसी भी मामले में हम किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होंगे। इस बारे में भी सार्वजनिक सूचना दी जाती है कि इस तरह के जाली/नकली/अवैध/घटिया MDH मसाले एवं केसर को बेचते हुए, बेचने की कोशिश करते हुए या बिक्री के लिए स्टॉक करते हुए पाए जाने पर ऐसे दोषी निर्माताओं, स्टॉकिस्टों, व्यापारियों, डीलरों और वितरकों के खिलाफ हमारे द्वारा दीवानी और आपराधिक दोनों तरह की सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस तरह की कानूनी कार्रवाई में अपराध शाखा द्वारा नकली/अवैध मसाले एवं केसर को जब्त किया जाना तो शामिल है ही, साथ ही ट्रेडमार्क की नकल करने और कॉपीराइट का उल्लंघन करने के लिए सजा और जुर्माना भी हो सकता है। इसके अलावा भारतीय दंड संहिता, 1860 के अन्य संबंधित प्रावधानों के तहत भी दंडित किया जा सकता है।

आपकी जानकारी में यदि कोई नकली MDH मसाले एवं केसर बना रहा हो या बेच रहा हो तो तुरंत निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें। आपके द्वारा दी गई सूचना पर यदि कोई पैकिंग छापने वाला प्रिंटिंग प्रेस, नकली माल बनाने वाला निर्माता अथवा बेचने वाला दुकानदार पकड़ा जाता है तो आपको उचित इनाम दिया जाएगा। सूचना देने वाले का नाम व पता गुप्त रखा जाएगा।

नकली एवं मिलावटी मसालों से सावधान। कृप्या बिक्रेता से कैश मेमो अवश्य लें।
Beware of adulterated and spurious spices. Always ask for cash memo from the retailer

महाशियाँ दी हट्टी (प्रा०) लिमिटेड
9/44, कीर्ति नगर, औद्योगिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110015
फोन नं० 011-41425106-07-08 (Mob. & Whatsapp No.) 9868121326
E-mail : mdhcare@mdhspices.in, delhi@mdhspices.in



रेडक्रॉस सोसाइटी ने दीपावली पर स्कूली बच्चों के बीच करायी रंगोली प्रतियोगिता

छपरा। दीपावली के अवसर पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, सारण की ओर से गड़खा प्रखंड के नवसृजित प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर एवं प्राथमिक विद्यालय सोडागोदाम में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतियोगिता में भाग लिया और आकर्षक रंगोलियां बनाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम के दौरान सभी बच्चों के बीच बिस्किट का वितरण किया गया।

वहीं, प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इसके अलावा दोनों विद्यालयों को एक-एक तिरपाल भी प्रदान किया गया, ताकि विद्यालय की आवश्यकताओं में सहयोग मिल सके। इस अवसर पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी सारण के चेयरमैन डॉ. शहजाद आलम एवं सचिव जीनत मसीह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नवसृजित प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर के प्रधान शिक्षक रणजीत कुमार तथा प्राथमिक विद्यालय सोडागोदाम के प्रधान शिक्षक सोहैल अख्तर सहित दोनों विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। आयोजन का उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता को बढ़ावा देने के साथ दीपावली की खुशियां साझा करना था।

पोखरेड़ा बीडीसी गुप में ऑडियो क्लिप भेजकर दी जान मारने की धमकी

तरैया। थाना क्षेत्र के पोखरेड़ा बीडीसी ग्रुप में ऑडियो क्लिप भेजकर एक युवक ने गांव के कुछ लोगों को जान मारने की धमकी दी है।इस संबंध में पोखरेड़ा निवासी सत्येंद्र कुमार सिंह ने दो लोगों के विरुद्ध स्थानीय थाने में सोमवार को प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें उसी गांव में छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में रह रहे मुकेश सिंह एवं उनके पिता अवधेश सिंह को आरोपित किया है। पीड़ित ने पुलिस ऑडियो क्लिप को पेन ड्राइव में सौंपते हुए कार्रवाई करने एवं अपने जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जीवंत झांकी में दिखी दीपावली और छठ महापर्व की महिमा, बच्चों ने मोहा मन

छपरा। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, दर्शन नगर में दीपावली एवं महापर्व छठ के अवसर पर भैया-बहनों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। बच्चों ने जीवंत झांकी के माध्यम से भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपरा और लोक आस्था का संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के उपाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद यादव, सचिव डॉ. सुरेश प्रसाद सिंह, सदस्य सुरभित दत्त, डॉ. ओंकार नाथ, पूर्णेंदु रंजन एवं प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। झांकी में चौदह वर्षों के वनवास के बाद माता सीता एवं लक्ष्मण के साथ भगवान श्रीराम के अयोध्या आगमन और दीप जलाकर उनके स्वागत का भावपूर्ण मंचन किया गया। वहीं छठ महापर्व के तीन दिवसीय निर्जला व्रत, सूर्योपासना एवं अर्घ्य अर्पण की परंपरा को भी प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया। प्रधानाचार्य विनोद कुमार के मार्गदर्शन में कार्यक्रम प्रमुख अनिल कुमार आजाद के नेतृत्व में आयोजन हुआ। इसे सफल बनाने में आचार्या स्वाति सिंह, आचार्य पंकज कुमार पांडेय सहित सभी आचार्य बंधु-भगिनियों का योगदान रहा। सचिव डॉ. सुरेश प्रसाद सिंह ने कहा कि आयोजन का उद्देश्य छठ की महत्ता एवं सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।



पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

निविदा सूचना संख्या – एम.सी.–भार.गो.डी. तारीख 16.10.25

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक, मालदह निम्नलिखित कार्यों के लिए बन्दपत्र द्वारा अनुभवी एवं वित्तीय रूप से सक्षम ठेकेदारों से इर्द रेल, सिलीगुड़ी, सी.पी.डब्लू.डी. एवं ई.एस.आई. अथवा अन्य लोक उपक्रम में रजिस्टर्ड जबरा कार्यरत ठेकेदारों से ऑन लाइन ओपनिविदा आमंत्रित करते हैं:

1. कार्य के नाम, लोकेशन के साथ - राजमार्ग जिले में प्रति किमी. 3 टन क्षमता वाली मशीनीकृत सिंचाई विभाग सीढ़ी की स्थापना। 2. अनुमानित निविदा राशि (रुपया में) : ₹5,60,93,499.43 (रुपये पाँच करोड़ साठलाख तिरानवे हजार चार सौ निन्यानवे एवं तैंतालिस पैसे मात्र)। 3. अग्रधन राशि (रुपया में) : ₹11,39,900.00 (रुपये ग्यारह लाख उनतालिस हजार नौ सौ मात्र)। 4. निविदा दस्तावेज जमा करने की एवं निविदा खोलने की तिथि एवं समय : निविदा ऑन लाइन www.ireps.gov.in पर अपलोड की जाती है। निविदाकारों द्वारा निर्धारित तिथि 20.11.2025 को 12:00 बजे तक निविदा अपलोड कर दिया जाना एवं उसी दिन निर्धारित तिथि को 12:30 बजे निविदा खोली जायेगी। 5. पेनड्राईव, भार एवं निविदा शुल्क पत्र (अगर लागू हुआ) संबंधी सूचना : निविदा सूचना दस्तावेज एवं ऑनलाइन निविदा हेतु के पेनड्राईव CMS website : www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

गंडल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)/
पू.म.रे./मा.-मालदा
पीआर/1248/डीएनएमए/सां./टी/26 27/11

'नीतीश संवाद' को ऐतिहासिक बनाने में जुटी जदयू

छपरा। सुशासन दिवस 'नीतीश संवाद' कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए बुधवार को सर्किट हाउस, छपरा के सभाकक्ष में जिला जदयू की तैयारी बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बैद्यनाथ प्रसाद सिंह 'विकल' ने की। बैठक में जिला पर्यवेक्षक रामबाबू कुशवाहा, एकमा विधायक मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल सिंह एवं मांझी विधायक रणधीर सिंह उपस्थित रहे। पर्यवेक्षक रामबाबू कुशवाहा ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने सुशासन, विकास एवं सामाजिक न्याय के क्षेत्र में नई पहचान बनाई है। विधायक मनोरंजन सिंह ने महिलाओं के सशक्तीकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आधारभूत संरचना में हुए कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। विधायक रणधीर सिंह ने गांव एवं पंचायत स्तर पर कार्यक्रम में अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। जिलाध्यक्ष विकल ने कार्यक्रम को भव्य बनाने का संकल्प दोहराया। बैठक में कामेश्वर सिंह, ओम प्रकाश शर्मा, विजय सिंह, अरशद परवेज, ब्रजेश कुमार, ई. प्रभाष शंकर, सत्येंद्र भवानी, बालमुकुंद चौहान, रविंद्र कुमार सिंह, सुनील सिंह कश्यप, आनंद किशोर सिंह, मनोज कुमार सिंह, ठाकुर अमर सिंह, अशोक सिंह, बाल्मीकि पाठक, जितेंद्र कुमार सिंह, विनोद सिंह, सतीश शर्मा, गुड्डी जायसवाल, संजय कुमार सिंह, रामकृष्ण सिंह, ओमनाथ, आरती, गामा सिंह, इम्तियाज परवेज, सद्दाम हुसैन, दयानंद सिंह, रामाधार सिंह, वीरेंद्र गिरी, अजय प्रसाद, विक्रमा सिंह, शिवनारायण पटेल, राज रौशन भवानी, कामेश्वर महतो, गुड्डू राय, लालमुनी देवी, अनंत गोंड, छोटे लाल राय, डॉ. रीता भारती, सुरेश कुमार सिंह एवं सोनू कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।



दो बस के ड्राइवर एवं कंडक्टर के बीच हुई मारपीट में दोनों पक्षों से सात पर एफआईआर

तरैया। थाना क्षेत्र के डेवढ़ी में नगीना एवं दानी मौर्यध्वज बस के चालकों एवं उपचालकों के बीच एक दूसरे को ओवरटेक करने को लेकर हुई विवाद में मारपीट हो गई है। जिसमें दोनों पक्षों से सात लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई है।इस संबंध में एक पक्ष से दानी मौर्यध्वज बस के ड्राइवर गोपालगंज जिले के कुचायकोट थाना के दीपक तिवारी ने नगीना बस के ड्राइवर साधु राय, कंडक्टर एवं मालिक को आरोपी करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है,दूसरे पक्ष से नगीना बस के कंडक्टर बेतिया जिले के गोपालपुर थाना के मोतीलाल दास ने दानी मौर्यध्वज बस के कर्मी धर्मेंद्र भारती,दीपक तिवारी,सुनील सिंह एवं मुन्ना राय के विरुद्ध मारपीट करने एवं दलित अत्याचार अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। ज्ञात हो जिले सहित इसके आसपास के क्षेत्रों में बढ़ रहे अपराधों की क्रियाकलाप पर एक ओर जहा जिला प्रशासन से लेकर स्थानीय प्रशासन तक इसे रोकने में कटिबद्ध है वहीं पर्व त्योहार को लेकर स्थानीय थाना और नागरीक भी इसे रोकने के लिए तत्पर और सजग दिख रहे है।

आपके लिवर और पाचन स्वास्थ्य का भरोसेमंद साथी

DYNAMIC SUPER SPECIALITY LIVER & GASTRO CENTRE

सही जाँच — सही ईलाज — बेहतर जीवन

हमारी सेवाएँ
★ लिवर एवं पाचन रोग विशेषज्ञ परामर्श
★ फाइब्रोस्कैन (लिवर स्टिफनेस एवं फैट)
★ एंडोस्कोपी (ऊपरी जठरांत्र जाँच)
★ कोलोनोस्कोपी (बड़ी आँत की जाँच)
★ लिवर बायोप्सी
★ हेपेटाइटिस (B & C) की जाँच एवं इलाज
★ फैटी लिवर, सिरोसिस एवं लिवर फेल्योर प्रबंधन
★ पीलिया, गैस, एसिडिटी, IBS, IBD, कब्ज, दस्त आदि का उपचार

उन्नत जाँच सटीक निदान विशेषज्ञ देखभाल

फाइब्रोस्कैन
अब उपलब्ध बिना दर्द बिना सुई

एंडोस्कोपी एवं कोलोनोस्कोनी
उच्च गुणवत्ता एंडोस्कोपी यूनिट

लिवर बायोप्सी
एवं अन्य उन्नत प्रक्रियाएँ उपलब्ध

OPD परामर्श उपलब्ध
सुबह 9 बजे से रात्रि 7 बजे तक
रविवार बंद

अभी कॉल करें। 6206071186
पता - पटेल पथ, मजार गली, राजा बाजार, पटना-800014

PATEL COLLEGE OF COMPUTER AND MANAGEMENT EDUCATION
RUN AND MANAGED BY: SWAMI VIVEKANAND EDUCATIONAL TRUST
SUKULCHAK, KAROUNA, JEHANABAD 804417

Purpose Course — MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management

रिक्त आवश्यकता है

Post	Department	Qualification
Principal	Administration	Ph.D with 10 Year Experience
Assistant Professor/ Professor	MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management	Ph.D / Master Degree in Relevant Field/ Subject
HOD	MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management	Ph.D/ Master Degree in Relevant Field With 5 Year Experience
Librarian	Library	B.Lib.Sc / M.Lib.Sc
Lab Instructor		DCA / DCA
Accountant	Administration	M.Com / B.Com
Office Assistant	Administration	Graduate with Computer Knowledge
Other Post (Receptionist, Admission- Cum Counselor, Driver, Gardener, Peon)	Administration	Minimum Qualification 10th/12th/Graduate and Experience in Relevant fields

■ एक व्यक्ति केवल एक ही पद के लिए आवेदन (Apply) कर सकते हैं। ■ अपने Resume और self-Attested photo-copy Certificate को 15 दिन में patelcollegejehanabad@gmail.com पर भेज करें। अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी ■

Secretary/Chairman - Divya Prakash — Contact- 9334687149, 9334074905

Manah INSTITUTE OF PSYCHIATRY AND BEHAVIOURAL SCIENCES
समझ | सहारा | संबल



मन की बात, हमारे साथ

मानसिक स्वास्थ्य है, तो जीवन है। आइए, मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें।


हमारी सेवाएं

मानसिक समस्याएं
• व्यवहार में परिवर्तन
• शंका या भ्रम
• मिर्गी आना
• बिना कारण हँसना, चिड़चिड़ापन
• आत्महत्या की इच्छा
• बार बार गुस्सा करना / लड़ाई करना
• अकारण घबराहट, बेचैनी
• डिप्रेशन / एंजायटी

बच्चों की मानसिक समस्याएं
• पढ़ाई में पिछड़ जाना
• मंद बुद्धि
• याद नही करना/ याददाश्त में कमी

नशे की समस्या
शराब, अफीम, हेरोइन, गांजा, चरस, नशे की सुई / गोली एवं स्मैक

सर दर्द माइग्रेन
नस रोग संबधित समस्या
सेक्स संबधित समस्या



डॉ. अर्चना सिंह
(MBBS, MD Psychitry, DPM-CIP Kanke, Ranchi)
माइग्रेन और सिरदर्द विशेषज्ञ | मानसिक स्वास्थ्य और व्यवहार विचार विशेषज्ञ | व्यक्तिगत देखभाल, समझ और सहारा

अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें
7543976796 | 7759945555
@manah.health | manahcare
पता: HIG X-9, आशियाना नगर, मेन रोड, ऑपोजिट जगत एनक्लेव, पटना - 800025
आपका मानसिक स्वास्थ्य, हमारी प्राथमिकता। सही समय पर सही मदद लें।